Publication : Jaltedeep	Edition : Jaipur
Date : December 04, 2019	Page: 3

बैंक ऑफ बड़ौदा ने टेबलेट के जरिए चालू खाता खोलने व प्री-अप्रूड़ पर्सनल लोन के लिए ''बड़ौदा टैबइट''

दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, मुंबई

भारत के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने ''बड़ौदा टैबइट'' को लॉन्च किया। इससे टेबलेट के जरिए रिटेल लायबिलिटी और रिटेल एस्सेट प्रोडक्ट्स को डिजिटल तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बैंक ऑफबड़ौदा लगातार नयी-नयी डिजिटल पेशकशों को उपलब्ध कराने हेतु प्रयास करता रहा है और ''करेंट एकाउंट ओपनिंग'' और ''प्री-अप्रूड़ पर्सनल लोन'' डिजिटल परिवर्तन के इस सफर का हिस्सा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों के लिए चालू खाता खोलने की प्रक्रिया डिजिटल कर दिया है, जिससे टेबलेट्स के जरिए तुरंत खाता खोला जा सकेगा। इसका उद्देश्य बेहतरीन बैंकिंग अनुभव प्रदान करना और परंपरागत चैनलों के बजाये नये चैनल्स के जरिए ग्राहकों को जोड़ना है।

यह सुविधा सोल प्रोप्रायटरशिप एवं व्यक्तिगत चालू खाताधारकों के लिए उपलब्ध है। आगे इस सुविधा को पार्टनरशिप एवं लिमिटेड कंपनियों के लिए उपलब्ध कराया जायेगा, जो कि इंडस्ट्री की अनूठी पेशकश है।

डिजिटल उत्पाद 'बड़ौदा टैबिट' के तहत पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण की सुविधाएं बैंक के मौजूदा बचत खाताधारकों के लिए उपलब्ध हैं और ऋण सीमा का निर्धारण विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया जाता है जिसमें शेष राशि, लेनदेन, ऋण पात्रता आदि शामिल हैं।

यह ग्राहकों को तुरंत परेशानी मुक्त ऋण का आनंद लेने में सक्षम करेगा क्योंकि उत्पाद निम्नलिखित सुविधाओं के साथ गतिशीलता समाधान प्रदान करता है लॉन्च पर बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशकं मुरली रामास्वामी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा डिजिटल नवाचार की शक्ति में दृढ़ता से विश्वास करता है और ग्राहकों को उन्नत डिजिटल अनुभव प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। उत्पादों का उद्देश्य न केवल ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षा को पूरा करना है बल्कि प्रक्रियाओं में आसानी प्रदान करना है।